प्रशासनिक विधि
(Administrative Law)

परिभाषा :-

प्रशासनिक विधि सार्वजनिक विधि की वह शाखा है जिसका मुख्य सम्बन्ध शासन के विभिन्न अंगों के संगठन, शक्तियों, कर्तव्यों, अधिकारों तथा दायित्वों से है। इसका उद्देश्य प्रशासन के अनुचित तथा अवैध कार्यों पर नियंत्रण रखना है।

प्र. डिसी :-

"प्रशासनिक विधि प्रशासन से सम्बन्ध रखने वाली विधि है वह प्रशासनिक अधिकारियों के संगठन, शक्तियों और कर्तव्यों को निश्चित करती है।"

प्र. हॉल :-

"व्यापक अर्थ में प्रशासनिक विधि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा निर्मित विधि का उन अधिकारियों को नियंत्रित करने की विधि को सम्मिलित करती है।"

प्र. जेनिंग्स :-

i. यह किसी भी राज्य की विधि का वह अंग है जो राज्य के सभी अधिकारियों की विधिक स्थिति तथा दायित्वों को,

ii. राज्य के अधिकारियों के प्रति सामान्य व्यक्तियों के अधिकारों तथा उत्तरदायित्वों का

iii. उन प्रशासनिक प्रक्रिया का निरूपण करता है जिसके द्वारा उन अधिकारों तथा दायित्वों को लागू किया जाता है।

प्र. एच :-

"प्रशासनिक विधि कार्यपालकीय शक्तियों, प्रक्रियाओं तथा न्यायिक पुनर्विचार की विधि से सम्बन्धित है" यह विधि निर्माण तथा न्याय निर्णयन की शक्तियों से सम्बन्धित है।"

Scanned with CamScanner

प्रो. मिसिस का प्रो. स्टीफ :-

"प्रशासनिक विधि का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक अधिकारों पर नियंत्रण के तरीके प्रदान करना है" तथा यह विधि निम्न बातों की जाँच करती है

I. प्रशासन किन किन प्रकार की शक्तियों का प्रयोग करता है
II शक्तियों के प्रयोग से प्रशासनिक अधिकारी किस प्रकार की प्रक्रिया अपनाते
III प्रशासन की शक्तियों पर कौन² सी सीमितताएँ है
IV. प्रशासन के अवैध व अनियमितपूर्ण कार्यों के संबंध में कौन² से उपचार उपलब्ध है।

उपरोक्त कथन से प्रशासनिक विधि के प्रशासनिक अधिकारियों की शक्ति का विकास कह, या सकता है प्रशासनिक अधिकारियों की शक्तियों का अध्ययन निम्न 3 श्रेणियों के अंतर्गत किया जा सकता है

1. विधायी
2. न्यायिक
3. कार्यकारिणी

प्रशासनिक विधि की प्रकृति :-
(Nature of Administrative law)

- प्रशासनिक विधि शासन/प्रशासन की शक्तियों के नियंत्रण से संबंधित विधि है
- यह शासन के संगठन, उनके अधिकारों, शक्तियों, कर्तव्यों व दायित्वों को सुनिश्चित करने वाली विधि है.
- यह प्रशासनिक कार्यों पर नियंत्रण स्थापित करने वाली ऐसी विधि है जिसका जन्म विधि के शासन व प्रशासनिक विवेक के बीच सामंजस्य स्थापित करना है.

प्रो. मिसिस -
- प्रशासन किन किन शक्तियों का प्रयोग करता है
- इन शक्तियों के प्रयोग से प्रशासन द्वारा किस प्रक्रिया का अनुसरण किया
- प्रशासन की शक्तियों की सीमाएँ क्या है
- प्रशासन के अवैध - अनियमित कार्यों के विरुद्ध क्या उपचार उपलब्ध है।

Scanned with CamScanner

प्रशासनिक विधि के क्षेत्र :-
(Scope of Administrative Law)

प्रशासनिक विधि के क्षेत्र के अंतर्गत निम्न बातें सम्मिलित हैं :

(i) विभिन्न प्रशासनिक निकायों का अध्ययन, जैसे केन्द्रीय बोर्ड, केन्द्रीय राजस्व बोर्ड, यूँच आयोग तथा सलाहकारी बोर्ड वित्त आयोग आदि

(ii) प्रशासनिक अभिकरणों की विधि निर्माण करने की शक्ति, जिसके अंतर्गत प्रत्यायोजित विधायन आता है। शक्तियों के दुरुपयोग की स्थिति में न्यायिक नियंत्रण के माध्यम से उपचार प्रदान किया जाना

(iii) प्रशासनिक अभिकरणों के न्यायिक कृत्यों का अध्ययन उदाहरणार्थ अर्द्धन्यायिक न्यायाधिकरण, आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, कार्य अध्ययन

(iv) प्रशासकीय शक्तियों के दुरुपयोग पर उपचार, रिट, अपील, पुनर्विलोकन, उलेखन कब्जा प्रत्यक्षीकरण आदि उनका अध्ययन

(v) प्रक्रिया संबंधी गारन्टी अर्थात् नैसर्गिक न्याय का सिद्धान्त

(vi) केन्द्र तथा राज्य सरकार का अपने कार्यकारियों द्वारा की गयी संविदा संबंधी तथा अपकृत्य संबंधी दायित्व

(vii) अनुबन्ध-निगम

Scanned with CamScanner